**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 09 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक- 20.03.2023**

**दिनांक 19/20-03-2023 को रात्रि थाना गौतमपल्ली 01, गोमतीनगर 01, गोमतीनगर विस्तार 01, मोहनलालगंज 01, निगोहा 04. विभूतिखण्ड 01 अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 09 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**भा0द0वि0**

**गुड़म्बा-(चोरी)-** दिनांक 20-03-2023 को थाना गुड़म्बा द्वारा बताया गया कि वादी श्री डा0एस0 फैजान अहमद पुत्र श्री स्व0 सैयद मुनत्तर, निवासी 49ए, आलोक नगर (आलोक दुबे रोड), कल्याणपुर थाना गुडम्बा लखनऊ ने थाना गुड़म्बा पर सूचना दिया कि दिनांक 15.03.2023 को वादी घर बंद कर सपरिवार जनपद आजमगढ़ गया था। दिनांक 19-03-2023 को दिन में लगभग 12 बजे घर वापिस आया तो देखा कि घर के ताले टूटे हुए है। दिनांक 15.03.2023 से दिनांक 19.03.2023 के बीच किसी दिन वादी के घर में चोरी हुई है जिसमें घर में रखे सोने व चाँदी के कीमती जेवरात व 40,000/- रूपये नकद व अन्य कीमती सामान को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना गुड़म्बा पर मु0अ0सं0 88/2023 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना एस0आई0 श्री प्रदीप सिंह द्वारा की जा रही है।**

**थाना मोहनलालगंज-** दिनांक 20-03-2023 को थाना मोहनलालगंज द्वारा बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहनलालगंज लखनऊ द्वारा थाना मोहनलालगंज पर एक मेमो इस आशय का भेजा गया कि दिनांक 19-03-2023 को समय करीब 21.54 बजे एक पुरूष नाम पता अज्ञात उम्र करीब 50 वर्ष निवासी अज्ञात को मृत अवस्था में इस चिकित्सालय में लाया गया। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री विकास यादव मो0नं0- 9838990810 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक की पहचान सहावुद्दीन उम्र करीब 50 वर्ष पुत्र स्व0 जंगा निवासी ग्राम लालपुर थाना निगोंहा लखनऊ के रूप में उसके भाई मैकूलाल पुत्र स्व0 जंगा निवासी ग्राम लालपुर थाना निगोंहा लखनऊ द्वारा की गई। जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक मजदूरी करता था। जिसकी दिनांक 19-03-2023 की शाम में सुदौली मार्केट में साइकिल पर जाते समय अज्ञात वाहन से एक्सीडेन्ट होने के कारण मृत्यु हो गई है। मृतक के दो बच्चे है।

**पी0जी0आई0-** दिनांक 20-03-2023 को थाना पी0जी0आई0 द्वारा बताया गया कि श्री राम मनोहर रावत पुत्र शीतला निवासी डलौना कल्ली थाना पी0जी0आई0 जनपद लखनऊ ने थाना पी0जी0आई0 पर सूचना दिया कि दिनांक 20.03.2023 को समय करीब 12.30 बजे वह डलौना रेलवे ब्रिज के नीचे से जा रहा था जहा पटरी के पास लोग भीड़ लगाए थे पास जाकर देखा तो एक व्यक्ति रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा था जिसकी मृत्यु हो गयी है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री विजय कुमार पाल मो0नं0 8840763383 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक की पहचान सोनू उम्र करीब 31 वर्ष पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी कसमण्डी कलां थाना पी0जीआई0 लखनऊ के रूप में उसके बड़े भाई संतोष पुत्र पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी कसमण्डी कलां थाना पी0जीआई0 लखनऊ द्वारा की गई, जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक मजदूरी करता था एवं रायबरेली से घर आ रहा था। मृतक अविवाहित था।